प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने आज प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का लिया जायज़ा।
2. केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री ने कहा– देश विदेश के श्रद्धालुओं के लिए यह महाकुंभ होगा अद्वितीय।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 28वें युवा उत्सव–2025 के प्रदेश के प्रतिभागी दल को किया रवाना : कहा– सार्वजनिक जीवन में संवाद की कला है महत्वपूर्ण।
4. केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने ग्रेटर नोएडा में इंडस फूड 2025 के 8वें संस्करण का किया उद्घाटन : कहा– खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं। और
5. प्रदेश में अगले तीन दिनों तक शीत दिवस रहने का अनुमान : शीतलहर के चलते प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों का बदला समय।

———————

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का जायज़ा लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुंभ भारत के विराट रूप का दर्शन है। उन्होंने बताया कि संस्कृति

मंत्रालय ने महाकुंभ के महत्व और पौराणिकता से श्रृद्धालुओं को परिचित कराने के लिए कला ग्राम बनाया है, जहां देश की विविधता के दर्शन होंगे। बाइट.....

*अबकी बार का यह कुंभ जो है दिव्य होगा, भव्य होगा, अप्रतिम होगा, अनिर्वचनीय होगा और अकल्पनीय होगा क्योंकि भारत की विशालता और भारत की विविधता के चलते हुए भारत के लोगों के लिए भी भारत के बहुत सारे हिस्से अछूते हैं। ये भारत के विराट रूप का एक स्थान पर एक जगह पर दर्शन कराने वाला होगा। ऐसे में देश दुनिया से आने वाले सभी लोगों को भारत के सांस्कृतिक वैविध्य से और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धता से परिचय कराया जा सके। इसको लेकर के भारत के संस्कृति मंत्रालय ने अपना एक कला क्षेत्र यहाँ डेवलप किया, कलाग्राम डेवलप किया ।*

—————————

13 जनवरी से शुरू होने जा रहे महाकुंभ में देश विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में हवाई मार्ग से प्रयागराज पहुंचने वाले यात्रियों के लिए किए जा रहे इंतज़ामों का जायज़ा लेने आज केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने एयरपोर्ट का निरीक्षण किया और समीक्षा बैठक की। श्री मोहोल ने कहा कि हवाई यात्रा कर प्रयागराज पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए 15 जनवरी तक नया टर्मिनल सेवाएं देना शुरु कर देगा। बाइट.....

*हमारा जो नया टर्मिनल का बिल्डिंग यहाँ पे हो रहा है तो जल्दी से जल्दी पूरा हो जाए इसलिए हम सब प्रयास करें तो बिल्कुल अच्छा काम चल रहा है और समय से पहले पूरा हो रहा है 15 तारीख से यह नया टर्मिनल जो बिल्डिंग है यह ऑपरेशन में आ जाएगा हर एक को एक अच्छी सुविधा*

*यहाँ पर मिलेगी विमान प्रवास जो भी करेगा बाहर जाना हो यहाँ आना हो तो मुझे लगता है कि अच्छी व्यवस्था यहाँ पर की गई है।*

———————

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि महाकुंभ में सुरक्षा को लेकर पुख्ता व्यवस्था की गई है। पर्यटन मंत्री आज प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा करने पहुंचे थे। श्री सिंह ने बताया कि महाकुंभ में आने वाले देशी– विदेशी पर्यटकों के लिए पर्यटन विभाग की ओर से कम दामों पर हवाई पैकेज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बाइट......

*पूरा कुंभ क्षेत्र के साथ साथ सात आठ मिनट की हवाई सेवा हवाई यात्रा का इसके साथ साथ कई पैकेज प्रयागराज से नैमी शरण, प्रयागराज से बनारस, प्रयागराज से विंध्यवासिनी धाम, प्रयागराज से अयोध्या इस तरह के कई शहरों को लेकर भी व्यवस्था हम लोगों ने हवाई यात्रा की शुरू की है जो इसी कुंभ क्षेत्र से देने का काम करेंगे। हो सकता है इस पर अलग अलग पैकेज को अलग अलग तरीके से जो लोगों की पहुंच में हो इस तरह के पैकेज बनाने का काम किया ।*

———————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में महाकुंभ 2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के लिए विशेष गीत का लोकार्पण किया। इस समारोह में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पॉलीवाल गौड उपस्थित थी।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 28वें युवा उत्सव–2025 में उत्तर प्रदेश के प्रतिभागी दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह उत्सव 10 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में संवाद की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवा प्रदेश के विकास की यात्रा के सहभागी हैं बाइट.....

*उत्तर प्रदेश पिछले सात आठ वर्षों में देश के अग्रणी राज्यों में खड़ा हुआ है तो इसके पीछे की सफलतम कहानी को जिन लोगों ने नजदीक से देखा है वे वर्तमान को भी और भावी पीढ़ी को भी इसके बारे में अवगत कराएंगे तो उन्हें प्रगति की सही मानक की जानकारी होगी कि एक समृद्ध, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत हमारे साथ में परंपरा के साथ जुड़ी हुई है और विश्वास है कि आप वहां जाकर के उत्तर प्रदेश के इस अमिट छाप को प्रस्तुत करने में सफल होंगे।*

मुख्यमंत्री ने आज कानपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड विधान मंडल की महिला सदस्यों के सम्मेलन में भी शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व तब प्रभावी होगा, जब वे अपने विवेक से निर्णय लेकर समाज से जुड़ी योजनाओं में संवेदना का परिचय देंगी। बाइट.....

*विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व ये तब बढ़ेगा और तब प्रभावी होगा जब स्वयं अपने विवेक से वे निर्णय लेकर के समाज से जुड़ी भी उन योजनाओं के बारे में नजदीक से जा करके अपनी संवेदना का परिचय देंगे और अब तो कोई फील्ड ऐसा नहीं है जहाँ पर महिलाएं प्रतिनिधित्व न कर*

*रही हो कौन ऐसा क्षेत्र है जहाँ से आज जो वंचित हो जो क्षेत्र उससे वंचित हो।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नये आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन के संबंध में नई दिल्ली में कल समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ देश और प्रदेश के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्रो ने निर्देश दिया कि उत्तर प्रदेश के सभी सात कमिश्नरेट्स समेत पूरे राज्य में इकतीस मार्च दो हजार पच्चीस तक नये आपराधिक कानूनों का शत प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए। श्री शाह ने निर्देश दिया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रत्येक पंद्रह दिन पर इसकी समीक्षा करें।

————————

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड में इंडसफूड 2025 के 8वें संस्करण का उद्‌घाटन किया। इस दौरान योग गुरु बाबा रामदेव भी मौजूद रहे। 10 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में 30 देशों के 2 हजार से अधिक प्रदर्शक और 7 हजार से अधिक अंतराष्ट्रीय खरीदार भाग ले रहे हैं। उद्‌घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बाइट.......

*मेरी प्राथमिकता में है फूड सेफ्टी भी बहुत ज्यादा अहमियत रखता है। ऐसे में गुणवत्ता के साथ कभी कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पिछले बजट में भी कई ऐसे प्रावधान बनाये गए जो की गुणवत्ता से ही जुड़े हुए हैं। हंड्रेड नए फूड टेस्टिंग लैब की घोषणा की गयी। वही साथ में रेडिएशन यूनिट जो की ना सिर्फ गुणवत्ता का ध्यान रखते हैं बल्कि फूड आइटम की लॉजिविटी को भी बढ़ाने का काम करते हैं। हमारे प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की सोच है कि भारत आने वाले दिनों में वर्ल्ड फूड बास्केट के तौर पर दुनिया के सामने ग्लोबली अपने आप को प्रस्तुत करने का कार्य करें।*

————————

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि 10 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी जो 17 जनवरी तक चलेगी। 18 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 जनवरी को नाम वापसी की

आखिरी तिथि है। 5 फरवरी को इस सीट पर मतदान होगा और 8 फरवरी को मतगणना होगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार हर तरह की सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से निगाह रखने के निर्देश दिए गए हैं।

—————————

मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों के लिये प्रदेश में शीत दिवस का अनुमान जताया है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि 11 जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में वर्षा हो सकती है।

बाइट.......

*प्रदेश में तेज पश्चिमी हवाओं का आगमन है जिसकी वजह से जो विंड चिल इफेक्ट है वो थोड़ा बढ़ गया है। जिसके लिए आने वाले अगले तीन दिनों के लिए आज कल परसों शीत दिन का अलर्ट जारी है और साथ में दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट है। तो उसके बाद थोड़ा सा एक स्ट्रांग पश्चिमी विक्षोभ  आ रहा है जिससे की जो ग्यारह तारीख से जो हमारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश है वहाँ पर बारिश होने की संभावना है। साथ ही में ग्यारह के शाम से थोड़ा जो हमारा सेंट्रल यूपी है लखनऊ उधर भी थोड़ा सा इफेक्ट कर सकता है।*

उधर, प्रदेश सरकार ने शीतलहर के मद्देनज़र सभी माध्यमिक विद्यालयों को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक ही खोलने का निर्देश दिया है।

(समाप्त)